Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 15th January, 2024

Career Guidance Notice for NDA Examination

सेना में ऑफिसर बनने का शानदार अवसर देता है एनडीए एग्जाम

अगर आपमें भी है सेना में जाकर देश की सेवा करने जज्बा तो समय रहते शुरू करें **एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी**

देश सेवा के साथ अच्छे करियर और रुतबे की नौकरी युवाओं को अपनी तरफ बेहद आकर्षित करती है। देश की सेवा करने के लिए भारतीय सेना में शामिल होना हर युवा का सपना होता है। इसके लिए युवाओं की पहली प्राथमिकता नेशनल डिफेंस एकेडमी होती है। इसके माध्यम से युवा 12वीं के बाद सीधे भारतीय सेना में अधिकारी बन कर अपने सपनों को साकार कर सकते हैं।

एनडीए एग्जाम यूपीएससी द्वारा आयोजित भारतीय सेना के रिक्रूटमेंट के लिए होने वाली नेशनल लेवल प्रवेश परीक्षा है। यह परीक्षा थल सेना, नौसेना और वायु सेना में भर्ती करने के लिए आयोजित की जाती है। यह परीक्षा साल में दो बार आयोजित की जाती है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और नौसेना अकादमी (एनडीए और एनए) की परीक्षा दो चरणों में होती है। इसमें पहले कैंडिडेट को एग्जाम देना होता है इसके बाद एसएसबी इंटरव्यू क्लियर करना होता है।

900 अंक की होती है लिखित परीक्षा

- **इस लिखित परीक्षा के दो भाग होते हैं :**

मैथ्स और जनरल एबिलिटी टेस्ट। यह परीक्षा कुल 900 अंकों की होती है। लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियों से 300 अंक के मैथ्स के तथा 600 अंक के जनरल एबिलिटी टेस्ट के प्रश्न पूछे जाते हैं। जनरल एबिलिटी टेस्ट के 600 अंको के लिए होने वाली परीक्षा में 200 अंक के इंग्लिश के प्रश्न तथा 400 अंक के जनरल नॉलेज के प्रश्न होते हैं। इस परीक्षा में पेपर अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। मैथ्स के पेपर को हल करने के लिए अभ्यर्थियों को ढाई घंटे का तथा जनरल एबिलिटी टेस्ट के पेपर को हल करने के लिए भी ढाई घंटे का समय दिया जाता है। साथ ही इसमें नेगेटिव मार्किंग भी होती है। एनडीए की लिखित परीक्षा का सिलेबस सीबीएसई 12वीं के सिलेबस के समक्षक ही होता है।

इंटरव्यू के बाद होता है फिजिकल टेस्ट

एनडीए में सिर्फ लिखित परीक्षा के आधार पर चयन नहीं किया जाता, बल्कि आपका व्यक्तित्व और स्वास्थ्य भी इसमें प्रमुख भूमिका निभाता है। सभी स्टूडेंट्स को सलाह दी जाती है कि आप हेल्दी फूड और लाइफस्टाइल के जरिए खुद को फिट रखें। रोजाना एक्सरसाइज भी करें। साथ ही तनाव से राहत पाने के लिए योग और ध्यान को भी प्राथमिकता दें। इंटरव्यू भी लिखित परीक्षा की तरह 900 अंकों का होता है, जिसमें अभ्यर्थियों की इंग्लिश, कम्युनिकेशन स्किल्स, टीम वर्क करने की क्षमता, पर्सनालिटी और मेंटल स्ट्रेंथ को भी टेस्ट किया जाता है। इसे क्लियर करने वाले स्टूडेंट्स को फिजिकल टेस्ट के लिए रिकमेंड किया जाता है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी रिकमेंडड स्टूडेंट्स की मेरिट लिस्ट तैयार की जाती है।

अंग्रेजी बोलने और लिखने दोनों में दक्षता जरूरी

एनडीए में जाने के लिए अंग्रेजी में दक्षता जरुरी है। आपकी अंग्रेजी न केवल लिखित परीक्षा में परखी जाती है बल्कि अगर आप धाराप्रवाह अंग्रेजी बोल सकते हैं, तो आपका यह गुण साक्षात्कार के समय चयनकर्ताओं पर अच्छा प्रभाव छोड़ सकता है। वहीं सामान्य ज्ञान पाठ्यक्रम का हिस्सा है, इसलिए इसे अच्छी तरह से तैयार करें। आप समाचारपत्र और पत्रिकाओं को पढ़कर अपने जीके को मजबूत कर सकते हैं।

सही पुस्तकों का करें चुनाव

इस परीक्षा में सही पुस्तकों से तैयारी बहुत आवश्यक है। बाजार बड़ी संख्या में बुक स्टॉक से भरा हुआ है लेकिन हर पुस्तक से आपको पूरा मार्गदर्शन मिल सके, यह संभव नहीं है। इसलिए पूरी जानकारी हासिल करने के बाद सही पुस्तक का चुनाव करें, हो सके तो किसी से पहले जानकारी ले लें।

पुराने प्रश्न पत्रों को हल कर परखें तैयारी

तैयारी को सही दिशा में करना बहुत जरूरी है। पिछले वर्ष के प्रश्नों को हल करने से प्रश्नपत्र हल करने की आपकी स्पीड तेज होगी। साथ ही आपको परीक्षा के एनडीए परीक्षा पैटर्न और परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों के कठिनाई स्तर के बारे में भी जानकारी मिलेगी।

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)